**खबर संक्षेप**

## घर-घर तिरंगा नारे के साथ निकाली गई तिरंगा रैली



**शहडोल।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत डाक विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियो द्वारा शहडोल नगर में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें अधीक्षक डाकघर कार्यालय , प्रधान डाकघर तथा ग्रामीण अंचलों में कार्यरत डाक विभाग के कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। रैली का नेतृत्व अधीक्षक डाकघर पुष्पेंद्र सिंह ने किया। रैली मेंघर-घर तिरंगे, भारत माता की जय, वंदे मातरम, तिरंगा मेरी शान है भारत की पहचान है जैसे अन्य देश भक्ति के नारो के साथ तिरंगा रैली निकाली।

## गोहपारू में गूंजी देशभक्ति की गूंज



**शहडोल।** आजादी के अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जनपद पंचायत गोहपारू में देशभक्ति के रंग में सराबोर भव्य तिरंगा यात्रा (बाइक रैली) का आयोजन हुआ। जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण से प्रारंभ हुई इस ऐतिहासिक यात्रा में सैकड़ों बाइक सवार तिरंगा लहराते हुए गोहपारू की सडकों पर देशभक्ति का संदेश फैलाते नजर आए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती मनीषा सिंह रहीं, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने की। विशिष्ट अतिथियों में जनपद अध्यक्ष श्रीमती राम बाई सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलमती सिंह, जनपद उपाध्यक्ष सुधीर सिंह, मंडल अध्यक्ष गोहपारू राजीव कुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष चिहुरी राजीव कुमार तिवारी, वरिष्ठ जनपद सदस्य दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं अंत्योदय समिति अध्यक्ष द्वारिका सोनी शामिल रहे। रैली में सरपंच, पंचायत समन्वयक अधिकारी, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह यात्रा सुडवार तिराहा होते हुए पुनः जनपद कार्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को दोहराते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। वहीं, मुख्य अतिथि मनीषा सिंह ने नागरिकों से देश की आन-बान-शान को बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम की सफलता में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुधीर कुमार दिनकर की अहम भूमिका रही, साथ ही सहायक यंत्री प्रशांत कुमार लगारखा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, खंड पंचायत अधिकारी राम प्रताप प्रजापति, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रितेश बैगा, ब्लॉक समन्वयक श्रीमती किरण प्रसाद, ओम प्रकाश शुक्ला, बृजभान सिंह एवं अन्य स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा। सुरक्षा व्यवस्था की कमान थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार के नेतृत्व में संभाली गई। रैली ने गोहपारू की गलियों में न केवल तिरंगे की शान बढ़ाई बल्कि युवाओं के दिलों में देशभक्ति की अलख भी जगा दी।

## जिला अस्पताल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन में जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी, शिक्षक, विद्यार्थी व आम जनमानस ने बढ-चढ़कर सहभागिता निभा रहे है और लोगो में देश भक्ति की भावना को जागृत कर रहें है। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत जिला अस्पताल शहडोल परिसर में साफ सफाई का कार्य कर स्वच्छता के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने एवं राष्ट्रीय ध्वज फहराकर लोंगो को देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सभी सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने नागरिको से अपील की है कि हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागी बनें।

## उपयंत्री साहब का विकास मॉडल

### गांवों का विकास कागजों में, हकीकत में कोठी की चमक

# मरम्मत कार्य में 37 लाख के खेल का मैदान

जयसिंहनगर जनपद के उपयंत्री मनोज शुक्ला एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। मरम्मत और निर्माण कार्यों में धांधली के आरोपों के बीच, उनकी गोरतरा स्थित आलीशान कोठी 'विकास' की अनोखी परिभाषा पेश कर रही है। 37 लाख से अधिक के पंचायत कार्य कागजों में पूरे, मगर जमीनी हकीकत में अधूरे। शिकायतें वर्षों से ठंडे बस्ते में, और अधिकारी महज दर्शक बने बैठे हैं।

हरिभूमि न्यूज,शहडोल।

जिले की जयसिंहनगर जनपद पंचायत के उपयंत्री मनोज शुक्ला का नाम क्षेत्र में किसी परिचय का मोहताज नहीं। मरम्मत कार्य से लेकर पुलिया निर्माण तक, नियम-कायदों की धज्जियां उड़ाकर सरकारी खजाने की तिजोरी खोलने का उनका 'अनुभव' जगजाहिर है। पंचायतों का विकास हो या न हो, मगर शुक्ला जी का निजी 'विकास मॉडल' गोरतरा में उनकी आलीशान कोठी की ईंट-पत्थरों में साफ झलकता है। पूर्व में सोहागपुर जनपद में रहते हुए उन्होंने अपनी पत्नी के नाम पर 'ड्रीम हाऊस' नामक फर्म बनाकर खुद ही पंचायतों में सप्लायर बनने का सपना पूरा किया था। शिकायतें हुईं, जांचें बैठीं, लेकिन अफसरशाही की छतरी के नीचे मामला ठंडे बस्ते में चला गया।




### 37 लाख के मरम्मत कार्य का खेल

बीते महीनों में उपयंत्री शुक्ला द्वारा 8 पंचायतों में मरम्मत कार्य स्वीकृत कराए गए। कुल राशि—37 लाख 14 हजार 286 रुपये। कागजों पर यह काम उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा, लेकिन धरातल पर कई जगह आधा-अधूरा और घटिया। पहडिया, भर्री, चरहेट, बनसुकली, महुआटोला समेत कई पंचायतों में पंचायत भवन, ई-पंचायत कक्ष, सामुदायिक भवन और पंचायत सह आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के नाम पर राशि निकाली गई। लेकिन हकीकत में अधिकांश कार्य में न स्टीमेट का पालन हुआ और न गुणवत्ता की जांच। गांववालों का आरोप है कि कागज पर सब कुछ 'पूर्ण' है, मगर हमारे गांव में ईंट-पत्थर तक नहीं रखे गए।

### 'ठेकेदार-कम-अधिकारी' का कमाल

स्थानीय चर्चाओं में श्री शुक्ला का नाम 'ठेकेदार-कम-अधिकारी' के तौर पर लिया जाता है। आरोप है कि वे बनसुकली स्थित श्रीकृष्णा सप्लाई एंड सप्लायर्स नामक फर्म के जरिए अधिकांश बिल पास कराते हैं। कुंदाटोला और पहडिया में पुलिया निर्माण खुद कराने की चर्चाएं भी जोर पकड़ रही हैं। यह स्थिति न सिर्फ नैतिकता पर सवाल उठाती है, बल्कि विभागीय मिलीभगत की बू भी देती है। ग्रामीण बताते हैं कि जब भी शिकायत की जाती है, तो प्रशासन खानापूर्ति कर फाइल बंद कर देता है। असली जांच कभी नहीं होती। ऐसा लगता है मानो पंचायतों में 'भर्रेशाही' को अफसरों का वरदहस्त मिला हो।

### कोठी, गाडियां और बढ़ता रुतबा

बीते वर्षों में उपयंत्री मनोज शुक्ला ने अकूत संपत्ति अर्जित की है। गोरतरा में उनका आलीशान मकान, महंगी गाडियां और रुतबे में निरंतर वृद्धि यह सवाल खड़ा करती है कि क्या यह सब महज वेतन से संभव है? उनका मुख्यालय जयसिंहनगर होते हुए भी वे गोरतरा से अपडाउन करते हैं। कोठी किसी पर्यटन स्थल से कम नहीं, जहां से वे विकास दिखाई देता हैं, बस यह विकास गांवों तक नहीं पहुंच पा रहा है। यदि पंचायतों का विकास कागजों पर मापना हो तो शुक्ला जी को 'विकास पुरुष' घोषित किया जा सकता है। मामले में कितनी सत्यतता है यह तो, जांच के बाद ही सामने आ सकता है।



## हातिमी हॉस्पिटल एंड एडवांस केयर सेंटर का शुभारंभ
## शहडोल को मिली अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय से सटे विचारपुर-पचगांव में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से लैस हातिमी हॉस्पिटल एंड एडवांस केयर सेंटर (हातिमी हेल्थकेयर सर्विसेज प्रा. लि.) का शुभारंभ 13 अगस्त को किया गया। यह 50 बिस्तरों वाला सर्वसुविधायुक्त अस्पताल है, जिसमें आई.सी.यू., ओ.पी.डी., इमरजेंसी सर्विस, भर्ती सुविधा और दूरबीन द्वारा सर्जरी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। शुभारंभ अवसर पर डायरेक्टर डॉ. मरियम बोहरा ने बताया कि अस्पताल का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मरीजों को किफायती दरों पर उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। अस्पताल में 24&7 डॉक्टर एवं एम्बुलेंस सेवा, कैशलेस सुविधा और सभी प्रकार की आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध हैं।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम

डॉ. एस. विक्रम सिंह कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन (एमबीबीएस, एमडी), नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. सोनल सिंह वैष्णवी**, कंसल्टेंट स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (एमबीबीएस, एमएस गोल्ड मेडलिस्ट, डीएनबी, एफएमएएस) डॉ. विकास तोमर, कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक सर्जन (एमबीबीएस, एमएस), हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ टीम रहेगी।

### उपलब्ध सुविधाएं

अस्पताल में आई.सी.यू., जनरल व प्राइवेट वार्ड, हड्डी के ऑपरेशन, जनरल सर्जरी (हर्निया, हाइड्रोसील, बवासीर, खतना), स्त्री एवं प्रसूति विभाग, बाल एवं शिशु रोग विभाग, जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग जांच, खून एवं मूत्र जांच, एक्स-रे, सोनोग्राफी, पी.एफ.टी., टी.एफ.टी., फार्मेसी और कैंटीन की सुविधा उपलब्ध है।

### किफायती दरों पर सर्जरी व ओपीडी

अस्पताल ने ओपीडी शुल्क 50, विशेष ओपीडी शुल्क 150 तय किया है। वहीं, सी-सेक्शन डिलीवरी 22,000, हिस्टेरेक्टॉमी 22,000, हर्निया सर्जरी 20,000, हाइड्रोसील सर्जरी 18,000 और पाइल्स सर्जरी 20,000 में उपलब्ध कराई जाएगी। डॉ. बोहरा ने कहा कि हातिमी हॉस्पिटल न केवल बेहतर इलाज देगा, बल्कि मरीजों के लिए भरोसेमंद स्वास्थ्य सहयोगी बनेगा। इसके शुरू होने से शहडोल एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता कम होगी और समय रहते बेहतर उपचार मिल सकेगा।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर

# गांधी स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल संपन्न







## कलेक्टर ने ली परेड की सलामी, उप मुख्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण

शहडोल।

79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला मुख्यालय शहडोल में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बुधवार को महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह का फाइनल रिहर्सल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कलेक्टर ने परेड की सलामी ली, परेड का निरीक्षण किया और परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल रिहर्सल में पुलिस बल, महिला पुलिस बल, होमगार्ड, वन विभाग, एनसीसी, स्काउट-गाइड, शौर्य दल और बैंड दल की टुकडियों ने आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया। परेड कमांडर डीएसपी ऋषभ घारी, 2आईसी सूबेदार बृजलाल रोकड़े, जिला पुलिस बल के उपनिरीक्षक गंगा सिंह मार्को, महिला पुलिस बल की सूबेदार प्रियांका शर्मा, होमगार्ड के कोमल सिंह, वनपाल महेंद्र सिंह परस्ते, एनसीसी सीनियर के गौरव मिश्रा, एनसीसी बालिका की खुशी केवट, जूनियर एनसीसी के शुभम शर्मा, स्काउट-गाइड के ऋषभ वर्मा और शिवानी यादव, शौर्य दल की शाहीन खान तथा बैंड दल के प्रधान आरक्षक राजेश कुमार ने नेतृत्व किया।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए बैठक व्यवस्था, लाइव प्रसारण, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि समारोह गरिमामय और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो, इसके लिए सभी विभाग अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर ज्योति परस्ते, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पांडेय, अरुणिमा सिंह सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने गांधी स्टेडियम का अलग से निरीक्षण कर स्थल की साफ-सफाई, समतलीकरण, पार्किंग, विद्युत व्यवस्था और अन्य सुविधाओं की स्थिति देखी। नगर पालिका, विद्युत मंडल, लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### मुख्य अतिथि होंगे उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल 15 अगस्त को गांधी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वे प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मार्च पास्ट और विभिन्न विभागों की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। श्री शुक्ल 14 अगस्त को भोपाल से जबलपुर होते हुए शाम 5:30 बजे शहडोल पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। 15 अगस्त की सुबह 8:55 बजे वे सर्किट हाउस से गांधी स्टेडियम के लिए रवाना होंगे और ध्वजारोहण के साथ मुख्य समारोह में भाग लेंगे। कार्यक्रम उपरांत वे सिकल सेल एवं थैलेसीमिया के उपचार हेतु सांझी रसोई संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे वे संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छतवई पहुंचेंगे, जहां तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होंगे और सुरूचि भोज कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ भोजन करेंगे। इसके बाद वे दोपहर 1 बजे रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे और अपराह्न 4 बजे रीवा पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।



### सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम

जिला प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य एवं सुरक्षित बनाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था की कमान पुलिस विभाग के हाथ में होगी, जबकि नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी, विद्युत मंडल, स्वास्थ्य विभाग एवं जनसंपर्क विभाग सहित सभी संबंधित विभाग अपने-अपने मोर्चे पर सक्रिय रहेंगे। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराने का अवसर है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे उत्साह और अनुशासन के साथ समारोह में सम्मिलित हों।

## हाई टेंशन टावर पर चढ़ा शराबी युवक, पुलिस ने एक घंटे में उतारा



**शहडोल।** शहडोल और उमरिया जिले की सीमा पर स्थित डीडवरिया गांव में बुधवार सुबह एक अजीबोगरीब घटना ने ग्रामीणों को दहशत और हैरानी में डाल दिया। गांव का एक युवक, जो शराब के नशे में धुत था, अचानक गांव में स्थित हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया। लगभग 15 फीट ऊंचाई पर बैठा यह युवक न तो अपने परिजनों की बात सुन रहा था और न ही गांव वालों की। घटना की शुरुआत सुबह तब हुई, जब युवक का घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से और नशे की हालत में उसने घर छोड़ दिया और गांव के बाहर स्थित हाई टेंशन टावर पर जा चढ़ा। राहगीरों ने उसे देखकर तुरंत गांव के सरपंच और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस दल मौके पर पहुंचा। घटना स्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने देखा कि युवक टावर पर बैठा है और नीचे आने से मना कर रहा है। ग्रामीणों और परिजनों ने काफी देर तक समझाने की कोशिश की, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। इस बीच अल्ट्राटेक कंपनी के कुछ कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने पुलिस के साथ मिलकर युवक को सुरक्षित उतारने की रणनीति बनाई। लगभग एक घंटे तक लगातार समझाइश और बातचीत के बाद युवक का गुस्सा शांत हुआ और उसने खुद नीचे उतरने का निर्णय लिया।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि जिस स्थान पर युवक चढ़ा था, वह उमरिया जिले की सीमा में आता है। इस कारण किसी तरह की कानूनी कार्रवाई कोतवाली पुलिस द्वारा नहीं की गई। घटना की जानकारी उमरिया जिले के पाली थाने को दे दी गई है।

पुलिस ने युवक की पहचान सार्वजनिक नहीं की है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि वह लंबे समय से शराब का आदी है और नशे में अक्सर गांव और आसपास के इलाकों में घूमता रहता है। कई बार ग्रामीणों और परिजनों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन उसकी आदत में कोई बदलाव नहीं आया। घटना के बाद युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल वह सुरक्षित है, लेकिन इस तरह की हरकतें जान के लिए खतरा बन सकती हैं। अधिकारी लोगों से अपील कर रहे हैं कि मानसिक तनाव और नशे की स्थिति में कोई भी व्यक्ति ऊंचाई या खतरनाक स्थान पर न जाए।

यह घटना जहां एक ओर शराब के दुष्प्रभाव और पारिवारिक विवाद के खतरनाक परिणामों को उजागर करती है, वहीं समय रहते पुलिस और स्थानीय लोगों की सतर्कता ने संभावित हादसे को टाल दिया।

## विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा रैली का भव्य आयोजन

शहडोल।



महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित शंभूनाथ शुक्ला जी की स्मृति में उनके नाम से स्थापित विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को हर घर तिरंगा रैली का भव्य आयोजन हुआ। कुलगुरु प्रो. रामशंकर के प्रेरक निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पंडित शंभूनाथ शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई।माल्यार्पण के उपरांत विश्वविद्यालय परिसर से तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें कुलगुरु, विश्वविद्यालय के अधिकारी, प्राध्यापक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान वंदे मातरम्‌ और भारत माता की जय जैसे राष्ट्रभक्ति के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अमर बलिदानों को नमन करना और हर घर में तिरंगा फहराने के संकल्प को सशक्त बनाना रहा। विश्वविद्यालय परिवार ने एक स्वर में संदेश दिया कि तिरंगे का मान और सम्मान हर भारतीय का कर्तव्य है।



## खबर संक्षेप

### घर-घर तिरंगा फहराने की जिला प्रशासन ने की अपील

**उमरिया।** तिरंगा झंडा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में घर घर तिरंगा फहराने का निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन की तरफ से कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर घर तिरंगा फहराने की अपील जिला वासियों से की है। उन्होने कहा कि तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर , कार्यालय तथा वाहनों पर तिरंगा लगाना, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जाना हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। उन्होंने कहा है कि गत वर्ष घर घर तिरंगा अभियान में जिला वासियों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया था, इस वर्ष भी इस अभियान को और अधिक उत्साह से मनाया जाय। व्यापक जनभागीदारी के साथ ही झण्डा फहराने की सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अधिकाधिक संख्या में झण्डों की आपूर्ति स्थानीय स्तर से सुनिश्चित किया जाएगा । पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने भी आजादी के अमृत महोत्सव में घर घर तिरंगा फहराने, तिरंगा रैली निकालने, शहीदों के परिवार जनों को सम्मानित करने, पौधरोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने की अपील की है।

### सघन जागरूकता अभियान कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन नई दिल्ली के आदेशानुसार सघन जागरूकता अभियान एचआईव्ही, एड्स एवं एसटीआई कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वी एस चंदेल के निर्देशानुसार एवं डॉ मुकुल तिवारी नोडल अधिकारी एड्स नियंत्रण समिति उमरिया के मार्गदर्शन में विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ.मुकुल तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं को एच आईव्ही के फैलने एवं उनसे बचने के तरीकों के बारे विस्तार से बताया। डीएसआरसी परामर्शदाता शिवांशु सिंगौर द्वारा एसटीआई /आरओआई बीमारी के बारे में एवं इससे एचआईव्ही का खतरा क्यों बढ़ जाता है के विषय मे छात्र-छात्राओं को बताया। अनुज रजक द्वारा एचआईव्ही एक्ट 2017 के विषय मे जानकारी दी गई। कार्यक्रम में टीएल परियोजना से परामर्शदात्री प्रियंका यादव एवं कॉलेज प्राचार्य तथा समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन भी था किंतु अधिक वर्षा की वजह से रैली का आयोजन स्थागित कर दिया गया।

### स्टेडियम ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह की रिहर्सल

**उमरिया।** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह स्टेडियम ग्राउंड में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह स्टेडियम ग्राउंड में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। कार्यक्रम की अंतिम रिहर्सल स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न हुई । इस दौरान ध्वजारोहण, मार्च पास्ट, पीटी , परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल की गई । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू , सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीओपी नागेंद्र प्रताप सिंह , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, थाना प्रभारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी , स्कूली बच्चे , शिक्षक उपस्थित रहे।



# हर घर में तिरंगा लहराने का प्रण लें ग्रामीणजनः विधायक



### ग्राम पंचायत पठारी में बांधवगढ़ विधायक की उपस्थिति में विशाल तिरंगा रैली संपन्न

**उमरिया।** आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्राम पंचायत पठारी में बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह की उपस्थिति में सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीण जनों से अपने अपने घरो में 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा लगाने की अपील की गई। रैली ने पूरे ग्राम का भ्रमण किया तथा तिरंगा रैली के माध्यम से राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया । झंडा ऊंचा रहे हमारा जैसे नारे गूंजते रहे।

विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आरंभ हुए हर घर तिरंगा अभियान से पूरा देश नए उत्साह और उमंग से गुजर रहा है। उन्होने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल शासकीय कार्यक्रम न बने, हम सभी गलियों, मोहल्लों और कालोनियों के हर घर पर तिरंगा लहराने का प्रण लें। तिरंगा हमारे स्वाभिमान का आधार और देश को विशेष पहचान दिलाने का माध्यम है। हमारा यह प्रयास हो कि माताओं-बहनों और युवाओं को प्रगति के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हों। हर घर तिरंगा के साथ ही हर घर स्वच्छता अभियान भी संचालित किया जा रहा है, इसलिए आवष्यक है कि अभियान से अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण जन जुड़े और अपने आस पास के क्षेत्रो में साफ सफाई का वातावरण बनाये रखे। तिरंगा रैली को संबोधित करते हुए सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम ने कहा कि यह आजादी को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए जरूरी है कि युवाओं में देश प्रेम देश भक्ति हो। इस तरह के कार्यक्रम युवाओं को देश प्रेम और देशभक्ति की भावना के लिए प्रेरित करते हैं। इस रैली के माध्यम से ग्रामीण जन जागरूक होंगे व हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएंगे। उन्होने बताया कि हर घर स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायत पठारी स्थित सामुदायिक भवन, आंगनबाडी केंद्र के आस पास साफ सफाई की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुखसेन कोल, प्राचार्य राम सखा चौधरी, सचिव कामता बर्मन, स्व सहायता समूह की दीदीयां, स्कूली बच्चे, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बमेरा गांव में जंगली हाथी का तांडव

### कई घरों में तोडफ़ोड़, वन विभाग की टीम रातभर नदारद

**उमरिया।** बीती रात बमेरा गांव में एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। पतौर गांव की ओर से आया यह हाथी खेतों को रौंदते हुए बमेरा पहुंचा और कई घरों में तोडफ़ोड़ कर दी। हैरानी की बात यह रही कि ग्रामीणों की बार-बार की सूचना के बावजूद वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची।

ग्रामीणों के अनुसार, हाथी ने सबसे पहले नंद लाल प्रजापति के घर पर हमला किया। उसने दीवार और दरवाजे तोड़ डाले और अंदर रखी अनाज, आटा, दाल समेत पूरी राशन सामग्री बर्बाद कर दी। नंद लाल का परिवार पूरी रात भय के साए में जागता रहा। इसी तरह, गांव के विश्राम बैगा के मकान को भी हाथी ने क्षतिग्रस्त किया। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन मकान और आंगन को भारी नुकसान पहुंचा। कई अन्य घरों के बाड़ और आंगन भी हाथी के हमले से सुरक्षित नहीं रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि जैसे ही हाथी गांव में घुसा, उन्होंने तुरंत वन विभाग को कई बार फोन कर सूचना दी, लेकिन विभाग की ओर से केवल यह जवाब मिला अभी रात है, सुबह देखेंगे। ग्रामीणों ने इसे गैर-जिम्मेदाराना रवैया बताते हुए नाराजगी जताई। गांव के लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही बढ़ गई है, लेकिन वन विभाग की ओर से न तो रात में गश्त की जाती है और न ही आपात स्थिति में तत्काल राहत दल भेजने की व्यवस्था है। इस वजह से लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

घटना के बाद ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग जल्द से जल्द प्रभावित घरों का सर्वे कर मुआवजा दे और हाथियों के आतंक से निपटने के लिए स्थायी व्यवस्था करे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने ध्यान नहीं दिया तो वे सामूहिक आंदोलन करेंगे। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि पहले भी कई बार विभाग को लिखित और मौखिक शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिला है। लोगों को डर है कि अगर इस तरह की घटनाएं जारी रहीं, तो किसी दिन जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है।

# दिव्यांगजनों ने दिखाया जज्बा



### शहर भर में रैली निकालकर तिरंगे के प्रति किया सम्मान प्रदर्शित

**उमरिया।** हर घर तिरंगा अभियान देश का एक अनूठा अभियान है। यह अभियान देश एवं आजादी के प्रतीक तिरंगा झण्डे की आन बान शान का प्रतीक है। यह हम सबके अभिमान एवं स्वाभिमान का प्रतीक है। आईये हम सब संकल्प ले कि जिले के हर घर मे तिरंगा लहरायेगें तथा उन विभूतियों को नमन करेगे जिन्होने मध्यप्रदेश को अपने तप और त्याग से समृध्द बनाया है। यह विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में आयोजित तिरंगा रैली को रवाना करते हुए व्यक्त किए ।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के लिए जीवन, परिवार, संबंध और भावनाओं से भी ज्यादा महत्वपूर्ण देश की आजादी थी। इसके लिए उन्होंने अपनी जान की भी परवाह भी नहीं की। नगर वासी अपने अपने घरो मे तिरंगा झंडा फहराकर देश के प्रति प्रेम प्रकट करें। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता साथ रही। दिव्यांग जनों ने देश के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुए जिला मुख्यालय उमरिया में शहर भर में रैली निकालकर अपना जज्बा प्रदर्शित किया। दिव्यांग जन अपने मोटराइज्ड बाईक में थे, जिनका नेतृत्व संघ के अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी कर रहे थे।

जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र उमरिया से दिव्यांग जनों ने तिरंगा रैली निकाली । रैली जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से प्रारंभ होकर रणविजय चौक, गांधी चौक, जय स्तंभ चौक, पुराना बस स्टैंड , स्टेशन चौराहा, सगरा तिराहा से होते नया बस स्टैंड , मोहनपुरी होते हुए हुए पुनः पुनर्वास केंद्र पहुंची । रैली के माध्यम से नगरवासियों से अपने अपने घरों, प्रतिष्ठानों में तिरंगा झंडा लगाने की अपील की गई । रैली में दिव्यांग जनों के साथ कार्यालयीन कर्मचारी भी शामिल हुए।

# आज से पाली में 'श्रीकृष्ण पर्व'

### तीन दिवसीय समारोह में बहेगी भक्ति रस की यमुना

**उमरिया।** संस्कृति विभाग द्वारा क्रिकेट ग्राउंड पाली बाबू लाईन के पास 14 से 16 अगस्त,2025 तक 'श्रीकृष्ण पर्व'- हलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकटोत्सव का आयोजन किया जायेगा। तीन दिवसीय समारोह में श्रीकृष्ण केंद्रित नृत्य नाटिका एवं भक्ति गीतों के माध्यम से कलाकार सुरों से सुगंधित भक्ति की जमुना में श्रोताओं को गोते लगवाएंगे।समारोह के प्रथम दिवस 14 अगस्त की पहली सभा भक्ति गायन से सजेगी। दुखीलाल दाहिया, उमरिया श्रीकृष्ण केंद्रित भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। अगली कड़ी में संघमित्रा तायवाड़े, भोपाल द्वारा श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका के माध्यम से कृष्ण, राधा और गोपियों के प्रेम और आनंद का नाटकीय और नृत्य मय चित्रण मंच पर जीवंत होगा। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रेम में डूबे सुधी जनों को कबीरा बैण्ड, उमरिया के कलाकार अपने भक्ति गीतों के माध्यम से भक्ति रस की धारा में भिगो देंगे। 15 अगस्त की सुहानी शाम में नर्मदापुरम की ममता मिश्रा मंच पर नमूदार होकर भक्ति गायन की प्रस्तुति देंगी। अगली कड़ी में अभिनयना डांस अकादमी, उड़ीसा के कलाकार दर्शकों का मन मोहने वाले तत्वों में नृत्य, भजनों की प्रस्तुति और कृष्ण के बचपन की लीलाओं का मंचन करेंगे। 16 अगस्त को कार्यक्रम के समापन दिवस पर पहली प्रस्तुति श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका शालिनी खरे एवं ग्रुप, जबलपुर की होगी। अंतिम सभा में विवेक मेहता एवं साथी, इंदौर श्रीकृष्ण केंद्रित भक्ति गीत और संगीत के माध्यम से दर्शकों को प्रभु भक्ति की वैतरणी से पार लगाएंगे।

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के तहत जिले भर में आयोजित हुए कार्यक्रम



**उमरिया।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के तहत जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित आंगनबाडी केंन्द्रों में रंगोली के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर तिरंगा फहराने का संदेष दिया गया। इसी तरह ग्राम खोलखम्हरा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली गई । रैली ने ग्राम का भ्रमण किया । रैली आरकेएस की साथिया टीम, सरपंच सतीष सिंह, प्रषिक्षक उपस्थित रहे। ग्राम लखनौटी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय किषोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित आउटरीच गतिविधि के दौरान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।षासकीय कन्या उमावि माध्यमिक विद्यालय में रंगोली के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान का प्रचार प्रसार किया गया। कन्या माध्यमिक विद्यालय पाली में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई।

### सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया का किया निरीक्षण



**उमरिया।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया के द्वारा चिकित्सा अधिकारी डॉ सुमित कुशवाहा तथा नर्सिंग स्टॉफ की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया के प्रसव कक्ष , एएनसी, पीएनसी वार्ड तथा नर्सिंग कक्ष का औचक निरीक्षण किया गया भ्रमण के दौरान पाई गई कमियों को एक सप्ताह के अंदर ठीक कराने के निर्देश जारी किए गए।

# रामनगर पुलिस ने 8 माह से गुमशुदा युवती को किया दस्तयाब



**हरिभूमि न्यूज, राजनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में गुमशुदा तलाश अभियान में थाना रामनगर पुलिस द्वारा एक युवती को दस्तयाब किया गया है। सूचनाकर्ता (परिवर्तित नाम) श्रीमती विमला बाई कोल पति स्वर्गीय चुनमुन कोल, उम्र 50 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 12, राम मंदिर, थाना रामनगर ने 27.12.2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी पुत्री कुमारी वंध्या कोल, उम्र 23 वर्ष, दिनांक 26.12.2024 को घर से लापता हो गई है। रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 54/2024 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना रामनगर पुलिस ने तत्काल गुम इंसान का प्रकरण पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरू की। लगातार प्रयासों एवं सुराग-संग्रह के बाद 12.08.2025 को गुमशुदा युवती को सुरक्षित बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। थाना रामनगर पुलिस की इस तत्परता एवं मेहनतपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी सुमित कौशिक के नेतृत्व में सउनि अशोक सिंह, प्रआर सनत द्विवेदी, म आर पूजा राजपूत की सराहनीय भूमिका रही है।

# रिहायशी क्षेत्र में मौत का गोदाम, लापरवाही के साए में जी रहे लोग

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** कोतमा का रिहायशी इलाका इन दिनों एक ऐसे खतरे की गिरफ्त में है, जिसकी गूंज न तो प्रशासन सुन रहा है और न ही जिम्मेदार विभाग। अकरम इंडेन गैस एजेंसी का रिफिलिंग सेंटर और गोदाम यहां आम लोगों के सिर पर 'बारूद के ढेर' की तरह मौजूद है। ज्वलनशील गैस सिलेंडरों का भंडारण और भराई का काम घरों और दुकानों से चंद कदम की दूरी पर खुलेआम चल रहा है। यह स्थिति न केवल सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाती है बल्कि नागरिकों के जीवन और संपत्ति को सीधे खतरे में डालती है।



#### हरदा त्रासदी से नहीं सीखा सबक

मध्यप्रदेश के हरदा जिले में कुछ महीने पहले अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में 11 लोगों की जान चली गई थी। उस घटना के बाद पूरे प्रदेश में सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती की बात हुई थी, लेकिन कोतमा के हालात देखकर लगता है कि यहां वह चेतावनी बेअसर साबित हुई है। रिहायशी क्षेत्रों में ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण और संचालन किसी भी समय वैसी ही त्रासदी को जन्म दे सकता है।

#### एक चिंगारी और सब खत्म

गैस सिलेंडरों का वजन भले स्टील में हो, लेकिन उनकी सामग्री आग से भी तेज है। ऐसे में, रिफिलिंग के दौरान एक चिंगारी, गैस रिसाव, या हल्की लापरवाही भी पूरे मोहल्ले को राख में बदल सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि रिहायशी क्षेत्रों में इस तरह का संचालन पूरी तरह गैर-जिम्मेदाराना है और इसे तुरंत बंद कराया जाना चाहिए।

#### जेब पर डाका, घर में खतरा

एजेंसी पर सिर्फ सुरक्षा उल्लंघन के आरोप ही नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को ठगने के गंभीर आरोप भी लगे हैं। ग्राहकों का कहना है कि सील बंद सिलेंडरों में 1 से 1.5 किलो गैस कम पाई जाती है। यानी ग्राहक तय कीमत चुका रहे हैं, लेकिन बदले में कम गैस मिल रही है। ऊपर से, कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि एजेंसी तय रेट से ज्यादा वसूली करती है। यह न केवल उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि खुलेआम लूट है। स्थानीय लोगों ने बार-बार प्रशासन से शिकायत की है। कई बार लिखित आवेदन दिए गए, लेकिन न तो जांच हुई और न ही कोई ठोस कार्रवाई। आरोप है कि जिम्मेदार विभागों की चुप्पी ने एजेंसी के हौसले और बढ़ा दिए हैं। प्रशासन का यह रवैया सवाल खड़ा करता हैकृक्या वे किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं।

#### जनता का आक्रोश और मांगें

स्थानीय निवासियों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर एजेंसी को रिहायशी इलाके से हटाकर सुरक्षित स्थान पर नहीं ले जाया गया, तो वे बड़े पैमाने पर विरोध करेंगे। उनकी मांग है कि गैस सिलेंडरों के वजन और कीमत की नियमित जांच हो। निर्धारित रेट से अधिक वसूली पर सख्त दंड मिले। सुरक्षा मानकों के पालन में लापरवाही बरतने वालों पर कानूनी कार्रवाई हो। रिफिलिंग और भंडारण का काम केवल औद्योगिक या निर्धारित क्षेत्रों में ही किया जाए। अब सवाल यह है कि प्रशासन कब जागेगा। क्या उन्हें हरदा जैसी किसी और दुर्घटना का इंतजार है। क्या नागरिकों की सुरक्षा केवल कागजों में दर्ज नियमों तक सीमित है। कोतमा के लोग रोज इस खतरे के साए में जी रहे हैं, और अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो जिम्मेदारी तय करने में देर नहीं लगेगी और तब उंगली सीधी प्रशासन की ओर उठेगी।

### सफल रक्षाबंधन महापर्व मिलन समारोह व्यक्त किया आभार



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में सोमवार को रक्षाबंधन महापर्व मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें नगर परिषद बनगवां (राजनगर) डोला, डूमर कछार क्षेत्र की लाडली बहनों ने कोतमा विधायक, दिलीप जायसवाल मंत्री स्वतंत्र प्रभार (मध्यप्रदेश शासन) लघु एवं कुटीर एंवम ग्रामोउद्योग को राखी बांधकर रक्षाबंधन महापर्व मनाया। रक्षाबंधन महापर्व मिलन समारोह पर क्षेत्र की महिलाओं में जो उत्साह दिखा वह काबिले तारीफ था। यह प्रथम बार ऐसा कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने अपनी सहभागिता निभाई और इस कार्यक्रम को सफल बनाया है। इस अवसर पर राजनगर मंडल की महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता माली द्वारा सभी लाडली बहनो का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर रक्षाबंधन महापर्व मिलन समारोह पर महिला मोर्चा की ओर से रश्मि खरे महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनूपपुर, सुनीता सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, संगीता माली मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा राजनगर, पूनम शर्मा महामंत्री महिला मोर्चा, पूजा केवट महामंत्री महिला मोर्चा ने सभी लाडली बहनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पीएमश्री हाई स्कूल भालूमाडा में तिरंगा यात्रा स्वच्छता रैली का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल भालूमाडॉ में तिरंगा यात्रा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राओं ने हाथ में तिरंगा लेकर एवं पोस्टर बैनर में स्वच्छता का संदेश देते हुए विद्यालय से लेकर एटीएम चौक चम्मच चौक होते हुए रैली निकाली गई जिसमें बच्चों ने तिरंगा यात्रा के साथ-साथ स्वच्छता का संदेश देते नजर आए बच्चों के द्वारा भारत माता की जय वंदे मातरम जय हिंद के नारो के साथ ही स्वच्छता के लिए कचरे को कहीं ना फेके डस्टबिन में डाले पन्नी का उपयोग न करें थैला लेकर बाजार जाय हमारा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय के नारे बच्चों ने लगाये। आयोजन से जहां बच्चों में खुशी व्याप्त थी वही जिस मार्ग से यह बच्चे गुजर रहे थे हर कोई उन्हें देखकर गर्व महसूस कर रहा था अपने तिरंगे को देखकर, बच्चों के जुनून उत्साह को देखकर तिरंगा यात्रा समापन के बाद विद्यालय में स्वच्छता एवं तिरंगे को लेकर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता निभाई और बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया। तिरंगा यात्रा में संस्था प्रधान सतीश सिंह शिक्षक लक्ष्मीनाथ तिवारी शिक्षिका सुधा शुक्ला, कंचन बावरिया, देवेंद्र तिवारी, उमाशंकर केवट, संतोष साहू, समाजसेवी सुरेश शर्मा सहित छात्र छात्राएं और नगर के लोग शामिल हुए।

**नपा पसान में भी हुआ आयोजन**

नगर पालिका परिषद पसान में अध्यक्ष राम अवध सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आर्मो के नेतृत्व में बाइक रैली का आयोजन किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में लोगों ने हाथ में तिरंगा लेकर बाइक रैली निकाली गई जिसमें भाजपा मंडल पसान के पदाधिकारी नगर के युवक गणमान्य नागरिक, महिलाएं पुलिस थाना स्टाफ शामिल हुए यह तिरंगा यात्रा नगर पालिका पसान कार्यालय थाना भालूमाडा से प्रारंभ होकर केंद्रीय विद्यालय जी एम बांग्ला होते हुए जमुना को ऑपरेटिव बाजार तक आयोजित की गई थी।



## खबर संक्षेप



### तिरंगा रैली निकालकर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए किया गया प्रेरित

**शहडोल।** जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी, शिक्षक, विद्यार्थी व आम जनमानस बढ-चढकर सहभागिता निभा रहे है और लोगो में देश भक्ति की भावना को जागृत के साथ-साथ स्वच्छता के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने का सन्देश भी दिया जा रहा है। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत बराछ में ग्रामवासियो एवं विद्यार्थियो द्वारा द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई तथा आमजन को घर घर तिरंगा फहराने तथा स्वच्छता के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### जन अभियान परिषद के सदस्यो ने निकाली तिरंगा रैली



**शहडोल।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यो द्वारा ग्राम गंधिया एवं लपरी में तिरंगा रैली निकाली गई। यह आयोजन देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। तिरंगा रैली में समिति अध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, दुर्गेश तिवारी सहित ग्रामवासियों ने बढ़-चढकर सहभागी बने तथा घर-घर तिरंगा लहराने के प्रेरित किया गया।

### गांजा परिवहन करने वाले आरोपियों को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास

**उमरिया।** अवैध रूप से गांजा परिवहन के मामले में विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) न्यायालय उमरिया ने अहम फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मीडिया प्रभारी (अभियोजन) नीरज पांडे ने बताया कि 29 अक्टूबर 2017 को थाना पाली में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक शशि कुमार द्विवेदी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल सीजी-10 बी-8104, हीरो होंडा सीडी डॉन से एक थैले में गांजा लेकर एनएच-78 मार्ग स्थित जीरो रोड, कमराई नदी के पुल पर बैठे हैं। सूचना मिलते ही स्वतंत्र साक्षी और पुलिस बल के साथ एएसआई श्री द्विवेदी मौके पर पहुंचे, जहां पुल पर दो व्यक्ति एक थैले के साथ मौजूद मिले। पूछताछ में एक ने अपना नाम अहमद अली और दूसरे ने दीपक कोल बताया।संदेह के आधार पर थैले की तलाशी ली गई, जिसमें 8 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। मौके पर ही दोनों को गिरफ्तार कर थाना पाली लाया गया और अपराध क्रमांक 546/17 के तहत स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 8/20(ख) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।प्रकरण की विवेचना सहायक उपनिरीक्षक शशि कुमार द्विवेदी द्वारा की गई, जिन्होंने घटनास्थल पर की गई कार्रवाई, बरामद मादक पदार्थ का साक्ष्य, जब्ती पंचनामा और स्वतंत्र गवाहों के बयान सहित आवश्यक दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। इन साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध हुआ।विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट उमरिया ने विशेष प्रकरण क्रमांक एससी एनडीपीएस/09/2017 में फैसला सुनाते हुए आरोपी अहमद अली उर्फ राजा और दीपक कोल को दोषी करार दिया। दोनों को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास और 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड, तथा अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।शासन की ओर से इस मामले की पैरवी अपर लोक अभियोजक रचना गौतम ने की। उन्होंने न्यायालय में यह सिद्ध किया कि बरामद गांजा व्यक्तिगत उपभोग के लिए नहीं, बल्कि अवैध परिवहन और संभावित बिक्री के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था, जो एनडीपीएस अधिनियम के तहत गंभीर अपराध है। अभियोजन पक्ष की मजबूत दलीलों और पुलिस की प्रभावी विवेचना के चलते न्यायालय ने यह कठोर दंड सुनाया। यह फैसला जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर नकेल कसने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# 39 साल बाद सोहागपुर में कोल इंडिया निदेशक की जेसीसी बैठक

**मजदूरों की 8 बड़ी मांगें सुनीं नवागत जीएम परांजपे भी रहे मौजूद, मजदूर हित में त्वरित समाधान के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।



कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. विनय रंजन और नवागत महाप्रबंधक श्री परांजपे 11 अगस्त को शाम 5 बजे सोहागपुर हाउस पहुंचे, जहां 39 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) की ऐतिहासिक बैठक हुई।

बैठक में मजदूर हितों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर खुला संवाद हुआ और निदेशक ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।बैठक की शुरुआतक्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक बलराम हेमब्रम ने स्वागत भाषण और प्रतिनिधियों का परिचय कराया। हिंद मजदूर सभा के केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सदस्य एस.एन. मिश्रा ने निदेशक और नवागत जीएम का स्वागत किया। मिश्रा ने कहा "सोहागपुर के लिए गर्व की बात है कि 39 साल में पहली बार निदेशक मानव संसाधन यहां आए हैं।"नए महाप्रबंधक का बयाननवागत महाप्रबंधक श्री परांजपे ने कहा— "मेरे लिए यह बहुत सौभाग्य की बात है कि पहले ही दिन ज्वाइन करते समय डीटी साहब (निदेशक) से मुलाकात हुई। यह क्षण मेरे करियर के लिए खास रहेगा।"निर्देशक का भावनात्मक संबोधनडॉ. विनय रंजन ने भी भावुक होते हुए कहा— "मेरे पिताजी भी कोल इंडिया में कार्यरत थे। 11वां वेज बोर्ड मैंने ही लागू किया था। ड्रेस कोड भी मेरे द्वारा लागू किया गया, जिससे प्रतीत होता है कि हम सब एक परिवार हैं।"मजदूर हित में 8 प्रमुख मुद्देपदनाम सुधार – जनरल मजदूर को जनरल असिस्टेंट में बदला जाए, सभी अभिलेख अपडेट हों। SAP आईडी बढ़ाई जाए – कम आईडी के कारण कार्य में देरी, संख्या बढ़ाने की मांग।. आश्रितों को स्थानीय नियुक्ति – सोहागपुर में 495 पद रिक्त, किसानों के आश्रितों को यहीं नियुक्ति मिले। नई भर्ती – एसईसीएल में 5941 पद रिक्त, तुरंत भर्ती प्रक्रिया हो। बायोमेट्रिक हाजिरी – ठेका मजदूरों का वेतन हाई पावर कमेटी की अनुशंसा अनुसार। समय-सीमा तय हो – फाइल निपटारे में देरी खत्म हो। भूमि का उपयोग – ओसीएम के बाद खाली जगह में जल संग्रहण, मछली पालन, पर्यटन स्थल। क्लर्कों की घटती संख्या – सोहागपुर एरिया में क्लर्कों की संख्या लगातार घट रही है, उनके स्थान पर डोजर ऑपरेटर, हालपैक और ड्राइवर से दफ्तर का काम लिया जा रहा है, जिससे कोयला उत्पादन प्रभावित होता है। कर्मचारियों का प्रमोशन किया जाए या नई भर्ती निकाली जाए।अन्य मुद्देनिदेशक का आश्वासनडॉ. रंजन ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और मजदूर हित में जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।बैठक में मौजूद रहेमहाप्रबंधक संचालन मनीष श्रीवास्तव, बिलासपुर मुख्यालय से उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन मनीश श्रीवास्तव, कार्मिक प्रबंधक आर.के. चतुर्वेदी, सीएमओआई से अमित सिंह, सीटू से विनोद राय सहित कई अधिकारी और मजदूर प्रतिनिधि मौजूद रहे। हाइलाइट्सः39 साल बाद निदेशक मानव संसाधन का सोहागपुर दौरा। मजदूरों ने रखी 8 प्रमुख मांगें।नवागत जीएम का पहला दिन, निदेशक से हुई मुलाकात। निदेशक ने कहा "हम सब एक परिवार हैं"। नई भर्ती, पदोन्नति और बायोमेट्रिक हाजिरी मुख्य मुद्दे।




## धनपुरी में छात्रों ने तिरंगा रैली निकाल कर जगाया देशभक्ति का जज्बा



धनपुरी।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी में मंगलवार को तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली में स्कूल के सैकड़ों छात्र हाथों में तिरंगा थामे जोशीले नारों के साथ निकले।सुबह विद्यालय परिसर से शुरू हुई यह रैली राजीव मार्केट होते हुए आजाद चौक पहुंची। यहां देशभक्ति के गीतों और नारों से माहौल गूंज उठा। इसके बाद रैली इमामबाड़ा मार्ग से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई।रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना था। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'जय हिन्द' के नारे लगाए। स्थानीय लोग भी अपने घरों से निकलकर रैली का स्वागत करते नजर आए।विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस महज एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे त्याग, बलिदान और गौरवशाली इतिहास की याद दिलाने का दिन है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे सदैव देश की सेवा और समाज की उन्नति के लिए प्रयासरत रहें।देशभक्ति के रंग में रंगी यह तिरंगा रैली शहरवासियों के लिए प्रेरणा का संदेश छोड़ गई।

## श्रीराधा कृष्ण मंदिर जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां चरम पर, 16 अगस्त को आधी रात बाल गोपाल के दर्शन को उमड़ेगी भक्तों की भीड़, पूरा नगर श्याम रंग में रंगा





धनपुरी।

नगर के हृदय स्थल में श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर परिसर में विशेष बैठक कर लाइट डेकोरेशन, फूलों की सज्जा, साउंड सिस्टम, टेंट, प्रसाद वितरण, सुरक्षा और यातायात नियंत्रण की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।मंदिर की विशेष पहचानधनपुरी का श्री राधा कृष्ण मंदिर अपनी अनुपम, आकर्षक और मनोहारी प्रतिमा के लिए पूरे संभाग में प्रसिद्ध है। श्रद्धालुओं का कहना है कि इतनी सुंदर और भव्य प्रतिमा कहीं और नहीं है।आधी रात को बाल गोपाल दर्शनजन्माष्टमी की रात ठीक 12 बजे बाल गोपाल के दर्शन के लिए धनपुरी, कोयलांचल, बुढार, अमलाई, रुंगटा कॉलोनी और शहडोल से हजारों श्रद्धालु उमड़ेंगे।पूरा नगर श्याम रंग मेंश्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूरा नगर श्याम रंग में रंग जाएगा। इस दिन नगर ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के भक्तजन यहां आकर प्रसाद ग्रहण करते हैं और इसे पाकर स्वयं को धन्य मानते हैं।भगवान श्रीकृष्ण रूपी बच्चों की झांकियांभगवान श्रीकृष्ण के रूप में सजे-धजे सुंदर और आकर्षक बच्चों को लेकर लोग मंदिर परिसर में पहुंचते हैं। इन झांकियों को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ती है और समिति की ओर से बच्चों को इनाम देकर सम्मानित किया जाता है।क्विंटलों महाप्रसाद वितरण महोत्सव में करीब 2 क्विंटल महाप्रसाद का वितरण होगा, जो हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा।सेवा और व्यवस्थाहरि माधव समिति की ओर से जूते-चप्पल रखने की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। भीड़ नियंत्रण, पेयजल, सफाई और पार्किंग के लिए स्वयंसेवक तैनात रहेंगे।नगरवासियों से अपीलहिंदू धार्मिक संस्था के अध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल ने नगरवासियों से अपील की है कि इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और सहयोग दें, ताकि पर्व श्रद्धा, सुरक्षा और सौहार्द के साथ संपन्न हो सके।

## नपा ने नगर में निकाली तिरंगा रैली हर घर घर तिरंगा के गगनभेदी के लगे नारे





बुढार

बुधवार को नगर परिषद के द्वारा नगर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत के तिरंगा रैली नगर परिषद से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मांगों से गुजरते हुए वापस कोर्ट चौराहा में समापन किया गया। तिरंगा महारैली में जैतपुर विधायक जय सिंह मरावी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक जय सिंह मरावी ने लोगो से हर घर तिरंगा अभियान में बढ चढकर सहभागिता निभाने एवं स्वच्छता के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने की अपील की। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहा कि हम सब को तिरंगा का सदैव सम्मान करना चाहिए तिरंगा झण्डा हमारे देश की आन, बान और शान है। सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में नागरिक उत्साह, उमंग के साथ सहभागी बनते हुए अपने-अपने घरो में राष्ट्रीय ध्वज फहराये और देशभक्ति का संदेश देंगे।

### नगर में घर घर लहराएगा तिरंगा

नगर परिषद के द्वारा नगर के वार्डों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का वितरण किया जिसमें सिन्धी मार्केट, सिक्ख गुरुदारा, लोहिया चौंक, कोतमा मार्ग के प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज झंडा भेंट कर लहराने का आग्रह किया है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। प्रतिभागियो ने अपनी कला से राष्ट्रीय एकता, देशप्रेम और समर्पण का सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों उपस्थित रहें।

## आज मनाया जाएगा हरछठ व्रत संतान: सुख और खुशहाली के लिए महिलाएं करेंगी उपवास



**शहडोल।** हिंदू धर्म में भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्टी तिथि को मनाया जाने वाला हरछठ व्रत विशेष महत्व रखता है। इसे हलषष्ट, हलछठ या ललही छठ के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था, जिनका प्रमुख शस्त्र हल होने के कारण उन्हें हलधर भी कहा जाता है। इस दिन बलराम जयंती के साथ हरछठ व्रत का आयोजन होता है, जिसमें संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली के लिए महिलाएं उपवास रखती हैं।

**व्रत की तिथि और समय** – पंडित रघुवंश मिश्रा के अनुसार, पंचांग की गणना के मुताबिक भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्टी तिथि 14 अगस्त को प्रातः 4:23 बजे आरंभ होकर 15 अगस्त की रात 2:08 बजे समाप्त होगी। इस वर्ष हरछठ का पर्व 14 अगस्त को मनाया जाएगा। यह पर्व जन्माष्टमी से पूर्व आता है।

**पूजा के शुभ मुहूर्त**

* ब्रह्म मुहूर्तः प्रातः 04:23 से 05:07 बजे तक
* अमृत कालः सुबह 06:50 से 08:20 बजे तक
* अभिजीत मुहूर्तः सुबह 11:59 से दोपहर 12:52 बजे तक
* विजय मुहूर्तः दोपहर 02:37 से 03:30 बजे तक
* गोधूलि मुहूर्तः शाम 07:01 से 07:23 बजे तक

**व्रत के नियम और निषेध**– धार्मिक परंपरा के अनुसार, इस दिन व्रती महिलाओं को हल से जुती हुई भूमि पर चलना व हल से जुते अन्न का सेवन करना वर्जित है। साग-सब्जी के अलावा गाय के दूध और दही का सेवन भी नहीं किया जाता।

**पूजा विधि**– सूर्योदय से पूर्व स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करने के बाद एक चौकी पर भगवान श्रीकृष्ण और भगवान बलराम की प्रतिमा स्थापित करें। बलराम जी की प्रतिमा के पास हल रखें। चंदन, फूल, माला अर्पित कर आरती उतारें और फल-मिठाई का भोग लगाएं। दिनभर व्रत कर संतान के दीर्घायु और परिवार की समृद्धि की कामना की जाती है। शास्त्रों में वर्णित है कि हरछठ व्रत से संतान को स्वास्थ्य लाभ और परिवार को सुख-शांति मिलती है। इस दिन का पालन श्रद्धा और नियमों के साथ करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

## भाजपा मंडल बुढ़ार में निकली विशाल तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली, पूरे नगर में गूंजे राष्ट्रभक्ति के नारे

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के आह्वान पर बुधवार को भाजपा मंडल बुढ़ार में विशाल तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, नगर परिषद बुढ़ार की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सोनी के नेतृत्व में रैली का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मंडल बुढ़ार के वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, कैलाश विशनानी, राकेश पांडेय, प्रेम चंद मिश्रा, संजय पांडेय सहित अन्य वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। रैली का प्रारंभ रेस्ट हाउस स्थित एलआईसी कार्यालय के सामने से हुआ, जो लखेरन टोला, जैन मंदिर, मेन रोड, बनियान टोला, अहिरान टोला, नेहरू पार्क से होते हुए अमलाई चौक पहुंची और कॉलेज तिराहा में संपन्न हुई। यात्रा में भाजपा पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अन्य मोर्चों के पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के सदस्य, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, नगर परिषद के पार्षदगण एवं नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे नगर में इस दौरान उत्सव जैसा वातावरण रहा।

पूरी तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, वंदे मातरम और गगनभेदी राष्ट्रभक्ति के नारों से माहौल गुंजायमान रहा। नगरवासियों ने भी इस यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। कई स्थानों पर भारत माता की झांकी और छायाचित्र पर पुष्पवर्षा की गई, वहीं घरों और दुकानों के सामने रंगोली बनाकर भी रैली का अभिनंदन किया गया।

रैली में सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल सवार तिरंगा लहराते हुए चल रहे थे, जो नगर में



देशभक्ति का अद्वितीय दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे। मार्ग के दोनों ओर खड़े लोग तिरंगा यात्रा को देखने और स्वागत करने के लिए उत्सुक दिखे।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सोनी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करने और हर घर में तिरंगा फहराने के संकल्प को सशक्त बनाने का प्रतीक है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं, नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, नगर परिषद तथा पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पुष्पेंद्र ताम्रकार, दातूमल विशनदसानी, सज्जन पांडेय, योगेश तसलरेजा, भागचंद सोनी, सुधाकर शर्मा, धर्मेंद्र जैन, राजकिशोर, बाल्मीकि पांडेय, गजेंद्र द्विवेदी, राजेश मिश्रा, नीरज शुक्ला, अतुल द्विवेदी, विजय ताम्रकार, राहुल शर्मा, सूरज गुप्ता, मंगेश गुप्ता, पंकज सिंह, नीलेन्द्र दुबेदी, अरुण द्विवेदी, सम्हारू सिंह, भूषण साहू, कामता साहू, जूली जैन, रश्मि सिंह, सविता सिंह, काजल सरावगी, अनामिका सिंह, नर्मदा साहू, नरेंद्र तिवारी, अभिलाषा ताम्रकार, नरेंद्र बरगाही, थानेश्वर केवट सहित क्षेत्र के सभी प्रमुख कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

विशेष रूप से नगर के व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, अधिकारियों, कर्मचारियों और पुलिस विभाग के सहयोग से यह तिरंगा यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम ने न केवल नगरवासियों में देशभक्ति की भावना को प्रबल किया, बल्कि एकजुट होकर राष्ट्र के सम्मान के लिए कार्य करने का संदेश भी दिया।

## खबर संक्षेप

### जिले में 6.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 6.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 1 मिली मीटर, बिजुरी में 12.2 मिलीमीटर, जैतहरी में 1 मिली मीटर, अमरकंटक में 12 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 25.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र कोतमा , वेंकटनगर तथा पुष्पराजगढ में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार 14 अगस्त को दोपहर 3 बजे छतरपुर से अनूपपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि 10 बजे अनूपपुर जिले में आगमन होगा व रात्रि विश्राम विश्राम गृह अनूपपुर में करेंगे। 15 अगस्त 2025 को प्रातः 8:58 बजे शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित होंगे। दोपहर 12:30 बजे हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता कार्यक्रम अंतर्गत विश्राम गृह से इन्दिरा तिराहा तक तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होंगे। दोपहर 1:00 बजे विकासखण्ड जैतहरी के माध्यमिक शाला बरबसपुर में जिला स्तरीय मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2:00 बजे नगर परिषद जैतहरी अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 3 बजे प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जैतहरी द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 3:30 बजे विश्राम गृह अनूपपुर पहुंचेंगे। शाम 5 बजे अनूपपुर से छतरपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर शहीदों के त्याग और बलिदान को स्मरण कर प्रदेशवासियों और अनूपपुर जिलेवासियों को शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने कहा है कि हमारे वीर बलिदानियों के त्याग को हमें सदैव याद रखना चाहिए। मौजूदा पीढ़ी को सदैव अपने वीर शहीद के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए वही कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने समस्त प्रदेशवासियों व जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुये कहा कि स्वतंत्रता दिवस का अनुपम पर्व हमारे महान सेनानियों के समर्पण, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह पर्व हम सभी को भाईचारे की भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। इसी भावना को बनाये रखते हुए हम सभी प्रदेश एवं जिले की उन्नति एवं विकास में अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। इसी तरह कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा एवं अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें वीरों के बलिदान और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग का स्मरण कराता है। हम सब आजादी का मोल समझें। अपने जिले, प्रदेश और देश के विकास में यथाशक्ति योगदान दें। हर घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर आजादी के पर्व में अपनी सहभागिता निभाएं। राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आजादी का पर्व मनाकर हमें गर्व का अनुभव होता है। यह दिन उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर सपूतों तथा देशभक्तों को याद करने का भी दिन है जिनके बलिदान से हमें स्वतंत्रता मिली है। उन्होंने कहा कि पूरे उल्लास के साथ देशभक्ति के भाव से हर घर में तिरंगा फहरायें और आजादी का जश्न मनायें।

### स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर शासकीय भवनों में होगी रोशनी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की संध्या पर जिले के सभी शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थलों पर रोशनी की जायेगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सर्व संबंधित अधिकारियों को कार्यालय भवनों में रोशनी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये हैं। वही 15 अगस्त को जिले की लक्षित सभी शालाओं में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। विशेष भोज में सब्जी, पूरी, खीर अथवा सब्जी, पूरी, हलुआ तथा इसके साथ लड्डू का वितरण किया जाएगा।

## कहां सफाई करा रही नगर सरकार, गलियों-सड़कों पर कचरे की भरमार

# शहर के अंदर गंदगी व कचरे का अंबार, सुध नहीं ले रहे जिम्मेदार

**सफाई के नाम पर सालाना लाखों खर्च के बाद भी व्यवस्था निम्न स्तर की**

नगर पालिका के अधिकारी जिनको सफाई का जिम्मा मिला है वे पता नही कहां सफाई कराते घूमते हैं। शहर के अंदर वार्डो में साफ सफाई का आलम बदतर हो गया है। लोग बार बार कहकर थक चुके पर नगर पालिका के अधिकारी इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। शहर के कई वार्ड जहां पर सत्तासीन भाजपा के ही पार्षद रहते हैं उनके वार्ड में ही गंदगी व कचरे का अंबार लगा हुआ है।






हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

नगर पालिका अनूपपुर के पास सफाई का अमला पर्याप्त है पर साफ सफाई की स्थिति लचर है। न तो नालियां साफ होती हैं और न ही सड़कों पर झाडू लगाई जाती है। कुछ रसूखदार पार्षदों के घरों के सामने जरूर नियमित साफ सफाई हो रही है। शहर के अंदर सफाई की स्थिति चौपट ही है। सुबह 6 बजे से 10 बजे तक ही काम होता है जबकि कर्मचारियों को तनख्वाह पूरे दिन की मिलती है। इनसे काम लेने वाले जिम्मेदार लोग ही लचर हैं और शहर की तस्वीर को जान बूझकर लोगों के सामने गंदा कर रहे हैं।

### वार्डों में गंदगी का अंबार जीना हुआ दुश्वार

एक तरफ जहां केंद्र सरकार की पहल पर जगह-जगह स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक संगठनों और अधिकारियों की ओर से सफाई कार्य किया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी नगर के गली-मोहल्लों और सरकारी कार्यालयों के पास कचरे के ढ़ेर देखने को मिल रहे हैं। नगर पालिका परिषद में साफ-सफाई का बहुत बुरा हाल है। नगर पालिका प्रशासन सफाई के जितने भी दावे कर ले, लेकिन वार्डो मे फैली गंदगी कुछ और ही हकीकत बयां कर रही हैं। कई स्थानों पर कचरे का ढेर लगा हुआ है जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। साथ ही गंभीर बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है।

### सालाना हो रहे लाखों खर्च

नगर पालिका द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था पर सलाना लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी नगर में सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है। नपा अधिकारियों द्वारा इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं करने से चारों ओर गंदगी का आलम है। साथ ही नालियों से कचरा नहीं निकालने से मोहल्ले में खुलकर सांस लेना भी दूभर हो गया है। वार्ड के निवासियों ने कहा कि वार्ड में गंदगी का अंबार है। सफाई कर्मचारी महीनों में कभी-कभार दिखाई देते हैं। नगर के कुछ वार्डों में कचरे के ढेर को हटाकर व कुछ नालियों की सफाई कर खाना पूर्ति कर दी जाती है। अधिकांश वार्डों में कचरा डालने के लिए कूड़ेदान नहीं होने से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ती है। लोग मजबूर होकर कूड़ा-करकट सड़क के किनारे फेंकते हैं। वार्ड के लोगों ने वार्ड में कचरादान लगवाने के लिए मांग भी करते हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं देता है।

### जायजे में जगह-जगह मिले गंदगी के ढेर

हरिभूमि ने शहर का जायजा लिया तो जगह-जगह कचरे के ढेर, गंदगी से बजबजाते सार्वजनिक शौचालय और अव्यवस्थित सफाई व्यवस्था सामने आई। डस्टबिन कचरे से भरे पड़े हैं, लेकिन उठाव समय पर नहीं हो रहा। सामुदायिक शौचालयों की हालत खराब है, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर कोई रोक नहीं, खुलेआम पॉलीथिन का उपयोग हो रहा है। कुछ जगहों में डस्टबिन तो रखे हैं लेकिन छोटे हैं। डस्टबिन के चारों ओर कचरा उठाव न होने से गंदगी बजबजाती रहती है, जिससे लोग डस्टबिन का भी उपयोग नहीं करते हैं।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक नाकाम

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद शहर में धड़ल्ले से इसकी बिक्री जारी है। पहले नगर पालिका द्वारा प्लास्टिक पर कभी-कभी औपचारिक कार्रवाई की जाती थी, लेकिन अब यह अभियान पूरी तरह बंद हो गया है। थोक विक्रेताओं के पास पॉलीथिन का बड़ा स्टॉक मौजूद है, जिससे छोटे दुकानदार भी सामान पॉलीथिन में ही दे रहे हैं। कचरे के ढेर में डिस्पोजल और पॉलीथिन की भरमार है।

### स्वच्छता जागरूकता अभियान भी दिखावा

शहर में स्वच्छता अभियान के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग करने के लिए नहीं बताया जा रहा है, जिससे कचरा वाहन में सभी प्रकार का कचरा एक साथ डाल दिया जाता है। शहर में स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन सफाई की स्थिति जस की तस बनी हुई है। सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए डस्टबिन पूरी तरह भरे हुए हैं, जिससे कचरा बाहर फेंका जा रहा है। छोटे आकार के डस्टबिन जल्दी भर जाते हैं और लोगों को कचरा डालने में असुविधा होती है। कई वार्डों और प्रमुख बाजारों में सफाई कर्मचारियों की गैर मौजूदगी से गंदगी बढ़ रही है।

### ऐसे में क्या मिलेगा नंबर वन का तमगा

जहां तहां गंदगी के ढेर लगे हैं और स्वच्छता अभियान चल रहा है। होर्डिंग्स और बडे बड़े फ्लैक्स लगे हैं जिनमें स्वछता का संदेश लिखा है लेकिन हकीकत तो शहर के अंदर घूमने पर पता चलेगी। नपा अध्यक्ष का ध्यान इस ओर मीडिया कर्मियों ने आकृष्ट कराया था पर उन्होंने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया।

## अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति अनूपपुर की बैठक संपन्न

# बैठक में 21 अगस्त को आन्दोलन करने का लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति जिला अनूपपुर की बैठक सीटू कार्यालय जैतहरी में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष, (पूर्व जनपद सदस्य) पार्वती राठौर ने किया। समिति को मार्गदर्शन के लिए अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के प्रांतीय उपाध्यक्ष नीना शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। बैठक की शुरुआत सचिव सुमित्रा सिंह गौड़ ने की उन्होंने एजेंडे रखने के साथ ही बताया कि विगत 3-4 वर्षों से हाथी जंगली सुअर, बंदर के उत्पात से अनूपपुर जिला के कई गांव की जनता परेशान एवं भयभीत है। शासन प्रशासन एवं वनविभाग स्थाई समाधान निकालने में असफल रहा है। उन्होंने बताया कि हाथियों के उत्पात से क्षेत्र के अन्दर जान माल की हानी हुई है। जहां एक तरफ ग्रामीणों का लाखों रुपए का नुक़सान हुआ किन्तु प्रशासन 2-4 हजार रूपए देकर खाना पूर्ति कर लेती है, सवाल उठता है कि हमारे ग्रामीण जन बाकी की भरपाई कहां से करें यह तात्कालिक उभरती सवाल है। सुमित्रा ने अपने रिपोर्ट में बताया कि ग्रामीणों का प्रदेश के बाहर प्रवास को रोकने के लिए मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी कानून बनाया गया है लेकिन गलत तरीके से संचालन होने के कारण ग्रामीण मजदूरों के बजाय मशीन से काम करवाया जा रहा है, और खाली जाव कार्ड धारकों के जाव कार्ड में हाजरी डालकर राशि का ख़यानत करते हैं और जो श्रमिक वास्तविक रूप से काम करते हैं उन्हें वर्षों से भुगतान नहीं हो रहा है जिसके कारण मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी कानून से मोह भंग हो रहा है, यह चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि जैतहरी थाना के पुलिस लुटेरे एवं अपराधियों से याराना निभा रही है और यही वजह है कि 22 फरवरी 2024 को माइक्रोफाइनेंस कम्पनी के प्रबंधन एवं दलाल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध होने के बावजूद भी उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। महिलाओं ने किसान सभा अनूपपुर के आव्हान पर 21 अगस्त को एसडीएम कार्यालय जैतहरी के समक्ष प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने 2025मे. 2000 सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया 15अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक को प्रांतीय उपाध्यक्ष नीना शर्मा ने संबोधित करते हुए संगठन के उद्देश्य को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को जब तक बराबरी का अधिकार नहीं मिलता तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। अन्त में बैठक की अध्यक्षता कर रही अध्यक्ष पार्वती राठौर ने संबोधित करते हुए बैठक का समापन किया। बैठक में ललिता राठौर, गोमती राठौर, चन्दा देवी, कुसुम राठौर, दुअसिया राठौर, कुसुम बाई मानिकपुरी,बिरासा बाई राठौर, रानी राठौर,रेखा बाई धुर्वे, सविता राठौर, सरस्वती राठौर,राधा राठौर, ज्योति रजक मौजूद रहीं।



# अभाविप ने निकाली 1000 मीटर की विशाल तिरंगा यात्रा

हरभिमि न्यूज अनूपपुर।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लगातार 76 वर्षों से राष्ट्रहित, समाजहित व छात्रहित में कार्य करते हुए आ रहा है। 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) के पावन अवसर पर विद्यार्थी परिषद द्वारा विशाल भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, इस तिरंगा यात्रा को कलेक्टर हर्षल पंचोली जी ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ एक्सीलेंस ग्राउंड से किया। यह तिरंगा यात्रा एक्सीलेंस ग्राउंड से प्रारंभ होकर अमरकंटक तिराहा होते हुए सरस्वती मार्ग से स्टेशन चौक व बस स्टैंड में खुला मंच के माध्यम से कार्यक्रम का समापन किया गया। खुले मंच में प्रमुख रूप से शहडोल विभाग के विभाग प्रचारक कमल व अनूपपुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विभाग प्रचारक का कहना है कि इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से हमने अनूपपुर में एक ऐतिहासिक यात्रा का संदेश दिया है साथ ही इस तिरंगे ध्वज का सम्मान सिर्फ एक दिन ना होकर पूरे वर्ष भर सम्मान देते हुए राष्ट्र की ओर अपना समर्पण लगाना चाहिए, साथ ही विशाल तिरंगा यात्रा में अनूपपुर नगर की समस्त छात्र शक्ति जो कि भारत का भविष्य है यह लगातार 1000 मीटर के तिरंगे को पड़कर चले हैं मैं इनके हौसले को नमन करता हूं, भारत युवाओं का देश है और यही छात्र देश का युवा भी है इसलिए युवा शक्ति ही राष्ट्र में परिवर्तन व राष्ट्र की दिशा व दशा तय करता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी का कहना है कि निश्चित ही यह अनूपपुर जिले में एक भव्य, ऐतिहासिक यात्रा अभी तक में हुई है, मैं पूरे ह्रदय से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं व छात्र-छात्राओं का अभिनंदन करता हूं। अंत में नगर अध्यक्ष दुर्गेश द्विवेदी के माध्यम से कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अनूपपुर नगर इकाई के समस्त कार्यकर्ता बंधु भगिनी प्रणव मिश्र, लवकुश रौतेल, अमन परिहार, सचिन, विवेक, आनंद, शिवा, हर्षवर्धन, अजय, आदित्य, राजा बहन निशी यादव, अंकित सोनी, पूनम, सौरभ, दीपक, शिवम, हार्दिक एवं सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन नगर मंत्री अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया।




## जिले में गांव-गांव हर घर तिरंगा व स्वच्छता अभियान की गूंज

# देश भक्ति के रंग में रंगा हर जन का मन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में जिले के नगरीय क्षेत्रो व विभिन्न विकासखंडों तथा ग्राम पंचायतों में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत भव्य रैली एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अनूपपुर के सेक्टर क्रमांक 02 बसनिहा, विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत उमनियां में बेलगवां ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था के तत्वावधान में रैली का आयोजन किया गया। इसी प्रकार सेक्टर क्रमांक 01, विकासखंड अनूपपुर में शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सामतपुर के सहयोग से रैली निकाली गई। विकासखंड जैतहरी में सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगे विषय पर रंगोली निर्माण कर जनजागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। सेक्टर क्रमांक 05, विकासखंड अनूपपुर के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बरतराई तथा सेक्टर क्रमांक 04, ब्लॉक अनूपपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुना कॉलरी में नवांकुर संस्था पसान एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से रैली का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, शिक्षक, छात्र-छात्राएँ एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य सम्मिलित हुए। हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से जनमानस में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। इसी तरह जिले के विभिन्न महाविद्यालय तथा स्कूलों में देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जैतहरी विकासखंड समन्वयक दिनेश सिंह चंदेल ने ग्राम बर्री में शहीद सोभनाथ राठौर की प्रतिमा मे माल्यार्पण कर शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले परेड का हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल

# विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह को लेकर बुधवार को शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर के प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यक्रम की फुल ड्रेस परेड रिहर्सल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, एसडीओपी सुमित केरकेट्टा, तहसीलदार ईश्वर प्रधान, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक, होमगार्ड कमान्डेन्ट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में ध्वजारोहण, पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रगान की धुन, परेड निरीक्षण, हर्ष फायर के साथ ही मध्यप्रदेश गान का प्रस्तुतीकरण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति का अंतिम पूर्वाभ्यास सम्पन्न हुआ। पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परेड में भाग लेने वाली टुकड़ियां फुल ड्रेस में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. प्रांगण अनूपपुर पहुंची। परेड कमाण्डर के रूप में रक्षित निरीक्षक श्रीमती ज्योति दुबे, सेकण्ड इन कमाण्डर के रूप में सूबेदार अम्ब्रीस कुमार साहू ने परेड का नेतृत्व किया। परेड में विशेष सशस्त्र पुलिस बल 10 वीं वाहिनी (एस.ए.एफ.), जिला पुलिस बल (पुरुष/महिला) व जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर/जूनियर, शासकीय तुलसी महाविद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर, शा. मॉडल उ.मा. विद्यालय, शा. बालक उ.मा. विद्यालय, सरस्वती उ.मा.वि., शा. कन्या उ.मा.वि. तथा महिला बाल विकास विभाग के शौर्या दल ने भाग लिया। रिहर्सल कार्यक्रम में जूनियर वर्ग के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती उ.मा.वि. अनूपपुर, बाल भारती पब्लिक स्कूल जैतहरी, नेहरू बाल निकेतन हाईस्कूल अनूपपुर, डी.वी.एम. पब्लिक स्कूल अनूपपुर तथा सीनियर वर्ग के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शा. मॉडल उ.मा.वि. अनूपपुर, शा. कन्या उ.मा. विद्यालय अनूपपुर, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर, शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर, शा. कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर के प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।